# सांदीपनि विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सस्पेंड

## बांदरी सीएम राइज स्कूल के अनुपस्थित सहायक शिक्षक का वेतन निकालने के मामले में जांच उपरांत कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 17 फरवरी. संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने क्रय की जाने वाली सामग्री के संबंध में म.प्र. भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के नियम 09 एवं प्रपत्र में वर्णित प्रावधान अनुसार प्रक्रिया का नियमानुसार पालन नही करने एवं सहायक शिक्षक द्वारा विद्यालय में लगातार अनुपस्थित पाये जाने पर भी वेतन देने पर प्रभारी प्राचार्य सीएम राईज (सांदीपनी विद्यालय) बांदरी देवेन्द्र कुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया.**

कमिश्नर कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार प्रभारी प्राचार्य श्री मिश्रा द्वारा की जा रही अनियमितताओं के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच हेतु गठित जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन के अनुसार देवेन्द्र मिश्रा द्वारा विद्यालय हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री के संबंध में म.प्र. भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के नियम 09 एवं प्रपत्र में वर्णित प्रावधान अनुसार प्रक्रिया का नियमानुसार पालन नही किया गया. वर्ग 03 सहायक शिक्षक विज्ञान, दिव्यांश मिश्रा के विद्यालय में लगातार अनुपस्थित पाये जाने के पश्चात् भी प्रभारी प्राचार्य सीएम राईज (सांदीपनी विद्यालय) बांदरी द्वारा श्री दिव्यांश मिश्रा को वेतन भुगतान किया गया है. जांच समिति से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर से प्राप्त अभिमत के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत देवेन्द्र कुमार मिश्रा प्रभारी प्राचार्य सीएम राईज (संदीपनी विद्यालय) बांदरी प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया.

### बोर्ड परीक्षा में तीन संदिग्ध परीक्षार्थी पाए गए

**सागर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 हाईस्कूल परीक्षा विषय अंग्रेजी का केन्द्र कमांक 241018 शास. सांदीपनि उ.मा.वि. जैसीनगर का संयुक्त संचालक एस.पी. सिंह बिसेन, सहायक संचालक श्रीमती मनीषा अलेक्जेण्डर, संभागीय व्यव. समन्वयक शिबेन्द्र बंसल एवं संभागीय समन्वयक आईटी सेल शुभम तिवारी के दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण में अशासकीय संस्था महाराणा प्रताप उ.मा.वि. जैसीनगर के तीन परीक्षार्थी संदिग्ध पाए गए. जिसकी सूचना केन्द्राध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी थाना जैसीनगर को दी गई. इस दौरान निरीक्षण दल द्वारा दो नकल प्रकरण भी दर्ज किये गए. जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर उड़नदस्तों का गठन किय गया है. दल में शामिल सदस्यों द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं का निरीक्षण किया जा रहा है.

### अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा, एक्ट लागू हो

**राहतगढ़.** राज्य अधिवक्ता परिषद के बैनर तले धिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार निर्मलसिंह राठौर को ज्ञापन सौंपा. जिसमें बताया गया कि विगत कुछ समय से अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं. शिवपुरी के करेरा के अधिवक्ता संजय सक्सेना की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी. साथ ही डबरा के अधिवक्ता चंद्रभान सिंह मीना सहित अन्य जिलों के अधिवक्ता भी प्रभावित हुए हैं. दिनदहाड़े अधिवक्ताओं की हत्या पर कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न उठ रहे है. सुरक्षा के लिए अधिवक्ताओं की लंबे समय से की जा रही मांग एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है. इस दौरान ऋषभ ओसवाल, अतुल ताम्रकार, पूरन सिंह, धर्मेंद्र सिंह लोधी, देवेंद्र कुर्मी, खालिद हुसैन, ओमकार यादव, अफजल, अफसर उस्मानी मौजूद थे.

# सब्जी बेचने वाला निकला शातिर चोर

## दिनभर रैकी करता और सुबह-सुबह मंदिरों की दान पेटियां तोड़कर पहुंचता था मंडी



नवभारत न्यूज

**सागर 17 फरवरी.** थाना गोपालगंज क्षेत्र में मंदिरों की दानपेटियों में लगातार हो रही चोरियों का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी पिछले कई वर्षों से योजनाबद्ध तरीके से मंदिरों को निशाना बना रहा था और दिन में ठेले पर सब्जी बेचकर सामान्य जीवन जीता था.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीएमसी परिसर स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर में अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में प्रवेश कर दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी दान राशि पार कर दी थी. इस संबंध में डॉ. उमेश पटेल की रिपोर्ट पर गोपालगंज थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई.

जांच में गिरफ्तार आरोपी समीर अली पिता शाहिद अली निवासी बाघराज प्रधानमंत्री आवास, थाना मोतीनगर निकला, आरोपी पेशे से ठेले पर सब्जी बेचता है. पुलिस के अनुसार वह दिनभर शहर के विभिन्न इलाकों में घूमते हुए सुनसान और कम निगरानी वाले मंदिरों को चिन्हित करता था. जब उसकी सब्जी समाप्त हो जाती थी तो वह तड़के करीब 3 बजे स्कूटी से सब्जी मंडी जाने के लिए निकलता था. मंडी जाने से पहले वह चिन्हित मंदिर में प्रवेश कर लोहे की रॉड से दानपेटी का ताला तोड़ता और नगदी व अन्य सामान चोरी कर लेता था. वारदात के समय वह मास्क और गमछे से चेहरा पूरी तरह ढंक लेता था. चोरी के तुरंत बाद वह सीधे मंडी जाकर सब्जी खरीदता और दिनभर सामान्य रूप से ठेले पर बिक्री करता, जिससे किसी को उस पर संदेह न हो. पूछताछ में आरोपी ने वर्ष 2020 से कई मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया है. थाना प्रभारी गोपालगंज घनश्याम शर्मा ने विशेष टीम गठित की थी.

### एक नजर में



#### उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन

**रहली.** ग्राम निवारी में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग द्वारा 65 लाख की लागत से निर्मित होने वाले आधुनिक सुविधाओं से युक्त उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण हेतु पूर्व मंत्री विधायक गोपाल भार्गव ने विधिवत भूमिपूजन किया गया. श्री भार्गव ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण से ग्रामवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तथा अनेक गांवों के लोग और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.



#### पत्रकार कल्याण परिषद की बैठक संपन्न

**बीना.** पत्रकार कल्याण परिषद की बैठक मालथौन नगर परिषद में संपन्न हुई. बैठक में पत्रकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. इसके साथ ही नए पत्रकारों सदस्य के रूप में फार्म भरवाकर उन्हें सदस्यता दिलाई गई. संभागीय अध्यक्ष संतोष झा की अध्यक्षता एवं प्रदेश संयोजक राजेश जैन के मुख्य आतिथ्य मे आयोजन किया गया. पत्रकार भानसिंह यादव को पत्रकार कल्याण परिषद मालथौन ईकाई का अध्यक्ष चुना गया.




#### संत सेवालाल जयंती मनाई गई

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. अंबेडकर चेयर द्वारा संत सेवालाल महाराज की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. डॉ. अंबेडकर चेयर के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि संत सेवालाल महाराज बंजारा समुदाय के प्रमुख, आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक और क्रांतिकारी संत थे. इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ. रामहैत गौतम, प्रो. राजेश गौतम, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. चिट्टी बाबू, अंशु झारिया, हिमांशु लारिया, शरद कुमार, जितेंद्र कुमार, रामशरण सिंह, राहुल यादव, मोहित भारती, बालचंद, एड. दीनदयाल अहिरवार उपस्थित थे.



#### अधिवक्ता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**रहली.** करैरा शिवपुरी में अधिवक्ता सक्सेना की गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष रामानंद पटेल के नेतृत्व में सभी छह न्यायालय से कार्य से विरत रहकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम कुलदीप पाराशर को देकर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू होने की मांग की.

#### समस्याओं को लेकर निगमायुक्त से चर्चा

**सागर.** विजय टाकीज स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा के जीर्णोद्धार और अन्य समस्याओं को लेकर भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र फुसकेले ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री से मुलाकात कर बताया कि विजय टाकीज चौराह स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा जो कि बहुत ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है, इसके टाइल्स टूट गये हैं तथा लोहे की जालियां टेड़ी मेड़ी हो गई हैं। यहाँ की लाईटें भी बंद पड़ी हैं. प्रतिमा के जीर्णोद्धार, नई स्टील की जाली, टाईल्स और रंग बिरंगी लाईट लगवाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित करें.

# राज्यपाल के अभिभाषण को सिंह ने दूरदर्शी दस्तावेज बताया

नवभारत न्यूज

**सागर 17 फरवरी. बजट सत्र में प्रस्तुत राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह ने इसे समावेशी विकास आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को समर्पित दूरदर्शी दस्तावेज बताया है.**

उन्होंने कहा कि राज्यपाल श्रीपटेल के अभिभाषण में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि सरकार का केंद्र बिंदु केवल योजनाओं की घोषणा नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर है. किसानों, युवाओं, महिलाओं और आधारभूत संरचना को समान प्राथमिकता देना इस बात का प्रमाण है कि विकास को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है. किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई क्षमता विस्तार, आधुनिक कृषि तकनीक और बाजार उपलब्धता को नई मजबूती प्रदान करेगा.

# शिव आराधना भक्तों के लिए सरल सहज

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 17 फरवरी. ब्लॉक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक विधिविधान से किया गया. इस दौरान शिव पार्वती विवाह हुआ. विवाह की सभी रस्में मंदिर परिसर में हुई.**

पं. सौरभ चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान शिव सभी देवी देवताओं से निराले हैं, भगवान शिव इतने भोले भाले हैं कि भक्तों की पुकार जरा में सुन लेते हैं. शिव आराधना भक्तों के लिए सरल और सहज है, भोले बाबा श्रद्धालुओं की जरा सी भक्ति पर शुभ फल दे देते हैं.



ग्राम निवोदिया सिया शिव परिसर में महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर चौबीस घंटे का रामायण पाठ आयोजित किया गया. धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक, हवन और भगवान शिव का अभिषेक किया. प्रसादी वितरण, भंडारा, कन्या पूजन के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. इस मौके पर इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधि अरविंदसिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र श्रीवास्तव, सुरेशसिंह जाट, रामशरण राय, राजकुमार कपूर, आयुष श्रीवास्तव मौजूद थे.

### रक्तदान शिविर आज

**सागर.** संत शिरोमणि जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन 18 फरवरी बुधवार को विद्या भवन परिसर अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में किया जा रहा है मुनिश्री निष्कम्प सागर महाराज, मुनिश्री निष्काम सागर महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा.

### वेब सीरीज का प्रीमियर

**सागर.** व्यंग्य सम्राट हरिशंकर परसाई की चर्चित रचना से प्रेरित बुंदेली वेब सीरीज दस दिन को अनशन का प्रीमियर मोतीनगर स्थित पद्माकर ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ.

# संवेदनशील इलाकों में पुलिस का फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज

**सागर 17 फरवरी. शहर के प्रमुख और चिन्हित संवेदनशील इलाकों में पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च कर शक्ति प्रदर्शन किया. इस दौरान पैदल गश्त कर हालात का जायजा लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई.**



संबंधित थाना प्रभारियों के साथ भारी पुलिस बल और सीआरपीएफ के जवान निर्धारित मार्गों से होते हुए शहर के भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील पॉकेट्स तक पहुंचे. फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने उन क्षेत्रों का विशेष रूप से निरीक्षण किया, जिन्हें पूर्व में संवेदनशील माना गया है. पुलिस ने स्थानीय स्तर पर सक्रिय तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश भी दिए. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ गतिविधि या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की कोशिश पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी. पुलिस अधिकारियों ने सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों को शहर की भौगोलिक संरचना, प्रमुख मार्गों भीड़ प्रबंधन के प्रमुख स्थलों तथा संभावित फ्लैश प्वाइंट्स की जानकारी दी.

### रोजगार मेला आज से

**सागर.** विकासखंड/संकुल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 18 से 28 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है किया जा रहा है. रोजगार मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष की आयु के 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण एवं स्नातक/आई.टी.आई. शैक्षणिक योग्यता प्राप्त बेरोजगार युवक एवं युवतियां पात्र होंगी. अंकसूची की फोटोकॉपी, तीन पासपोर्ट साई फोटो बीपीएल सूची में यदि नाम है तो उसकी फोटोकॉपी. रोजगार मेले में ग्रामीण क्षेत्र के युवक एवं युवतियों के लिए उपस्थित कंपनियों के द्वारा मेला स्थल पर ही साक्षात्कार कर चयन किया जावेगा एवं मेला स्थल पर ही कंपनियों द्वारा कंपनी की प्रोफाइल बताई जायेगी.

# पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग



नवभारत न्यूज

**सागर 17 फरवरी. दिल्ली प्रवास के दौरान सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की.**

उन्हें बताया कि बीना विस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक स्थल ऐरण तथा विदिशा जिले की कुरवाई विस के अंतर्गत ग्राम उदयपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर को विशेष रूप से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का निवेदन किया. सांसद ने बताया कि ऐरण गुप्तकालीन स्थापत्य कला के लिए देशभर में प्रसिद्ध है. कुरवाई का ग्राम उदयपुर में बने 11वीं सदी का परमार कालीन शिव मंदिर अपनी भव्य वास्तुकला और धार्मिक आस्था के कारण हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है.



# श्रम संहिता को लेकर संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सागर 17 फरवरी. डायोसीजन सर्विस सोसायटी द्वारा बिशप्स हाउस में श्रम संहिता एवं उसके नवीन संशोधनों विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया.**

स्वागत फादर थॉमस फिलिप, द्वारा किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान श्रम कानूनों की जानकारी प्रदान करना तथा उनके व्यावहारिक प्रभावों से प्रतिभागियों को अवगत कराना था. अधिवक्ता आदित्य नन्होरिया ने नई श्रम संहिताओं—वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल परिस्थितियां संहित के प्रमुख प्रावधानों को सरल एवं स्पष्ट रूप में समझाया. कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने श्रम कानूनों के क्रियान्वयन, रजिस्टर संधारण, ठेका कर्मचारियों के लाभ तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे. फादर किरन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कार्यक्रम कानूनी जागरूकता बढ़ाने तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी है.

### लापता युवक का शव बांध से बरामद हुआ

**ललितपुर.** लापता युवक की तलाश उस समय दुखद मोड़ पर आ गई, जब उसका शव गोविंद सागर बांध में बरामद हुआ. शव मिलने की सूचना से पुलिस महकमे में हलचल मच गई. बताया गया कि चौबयाना मोहल्ला निवासी महेश रैकवार कुछ दिनों से घर से लापता था, परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से तलाश की गुहार लगाई थी. इसी बीच स्थानीय नागरिकों ने गोविंद सागर बांध में एक शव तैरता देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और बांध से बाहर निकलवाया. पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया गया. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

# दुर्घटना के बाद जागा प्रशासन, संकेतक बोर्ड लगाए गए, प्रशासनिक लापरवाही

नवभारत न्यूज

**रहली 17 फरवरी. रहली-जबलपुर मार्ग पर संकेतक ना होने से हादसे के कारण तीन नवयुवकों की मृत्यु के पश्चात है, अब प्रशासन रास्ता बंद होने का संकेत और खखरी का निर्माण कर रहा है.**



रहली प्रशासन की लापरवाही ने छिरारी गांव के तीन नौजवान की जान ले ली उसके बाद प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागा और अब पत्थर की खखरी और बेनर लगाये जा रहे हैं. रहली-जबलपुर मार्ग पर झलोन के पास बारिश में पुल बह जाने और रास्ता बंद होने के बाद यदि पहले ही संकेतक लगा दिये होते या रोड को व्यवस्थित बंद किया होता तो ये हादसा नहीं होता और तीन नवयुवकों की जान नहीं जाती. प्रशासन का कहना है कि संकेतक लगाए थे तो 7 माह पहले लगाए होगे, आखिर कहां गये उसके बाद क्या समय समय पर निरीक्षण करना जरूरी नहीं होता है. इतना कह देने मात्र से प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता. इस घटना के लिए प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है.

मालूम हो कि चार दिन पूर्व उपरोक्त पुल से निकल रहे छिरारी के तीन युवक मोटर साइकिल सहित नदी में जा गिरे थे और पानी में डूबने के कारण तीनों युवकों की मौत हो गई थी.

पिछले वर्ष बारिश में उपरोक्त पुल बह जाने के बावजूद भी दो पहिया वाहनों की आवाजाही सतत रुप से चल रही थी.

**देवगढ़ की आत्मा का वनवास** — कब लौटेंगे अपने धाम भगवान नृवराह, बेजोड़ मूर्ति पुरातत्व विभाग के मालखाने में धूल फांक रही

# भगवान नृवराह की मूर्ति स्थापना के बगैर देवगढ़ की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना अधूरी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 17 फरवरी. जिले में बेतवा नदी के तट पर स्थित देवगढ़, जिसे बेत्रवती की गोद' कहा जाता है, केवल पत्थरों का शहर नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत दस्तावेज है.**

यहाँ के मंदिरों में भगवान विष्णु का नृवराह स्वरूप क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता था. किंतु तीन दशक पहले हुई एक क्रूरतम घटना ने देवगढ़ की इस आत्मा को टुकड़ों में बाँटकर उसके मूल स्थान से जुदा कर दिया, बाद में जन आंदोलन के भारी दबाव में मूर्ति को टुकड़ों के रूप बरामद कर लिया गया. इस अपराध को न्यायालय ने भी संस्कृति पर डकैती मानते हुए आरोपियों को आजन्म कारावास की सजा से दंडित कर नजीर पेश की, लेकिन तब से लेकर आज तक पुरातात्व एवं मूर्ति कला ये बेजोड़ मूर्ति पुरातत्व विभाग के मालखाने में धूल फाँक रही है. लेखक राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी की यह वारदात 26/ 27 सितंबर 1990 की दरमियानी रात थी. अंतरराष्ट्रीय तस्करों के एक गिरोह ने देवगढ़ के घने व शांत जंगलों प्राचीन नृ वराह मंदिर को निशाना बनाया. तस्करों ने इस विशालकाय और भारी मूर्ति को आधार से काटने और उखाड़ने के लिए तीन दिनों तक जंगल में डेरा डाला था. मूर्ति इतनी भारी थी कि उसे बिना क्रेन और चरखी के हिलाना असंभव था, इस लिए उसे तीन भागों में काट दिया गया. तस्करों ने एक ट्रक का उपयोग किया और बीहड़ रास्तों से इसे जिले की सीमा पार ले जाने की योजना बनाई. जब सुबह लोग देवगढ़ के पहाड़ पर स्थित नृ वराह मंदिर पहुँचे तो गर्भगृह सूना मिला, मूर्ति अपने स्थान से गायब थी. इस घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैली और पूरे ललितपुर में कोहराम मच गया था.

ऐतिहासिक घंटाघर प्रांगण में वरिष्ठ पत्रकार संतोष शर्मा व राजीव श्रीवास्तव ( लेखक स्वयं) के नेतृत्व में नागरिकों, और समाजसेवियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया, विरोध में बाजार बंद हो गए. भारी जन आंदोलन के दबाव में तत्कालीन एसपी वी.के. बाजपेयी के नेतृत्व में पुलिस ने चौतरफा घेराबंदी की थी. पुलिस की मुस्तैदी और स्थानीय मुखबिरों की सूचना पर अक्टूबर 1990 के प्रथम सप्ताह में मूर्ति को बरामद कर लिया गया, इस कांड में अमर सिंह, राजाराम और उनके स्थानीय मददगारों को धर दबोचा गया. जांच में अलीगढ़ के कुख्यात अंतरराष्ट्रीय मूर्ति तस्कर शैतान सिंह का नाम मुख्य सूत्रधार के रूप में सामने आया. हालांकि वह चालाकी से पुलिस की पकड़ से बचता रहा, लेकिन उसके पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ जो मूर्तियों को नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचता था. उस समय इस 1400 वर्ष पुरानी मूर्ति की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पाँच करोड़ रुपये बताई गई थी. इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु दत्त द्विवेदी की अदालत में हुई, उन्होंने एक ऐसा फैसला सुनाया जो नजीर बन गया1 न्यायाधीश ने मूर्ति चोरी को केवल संपत्ति का नुकसान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक डकैती माना और अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. यह भारत में संभवत: पहला ऐसा मामला था.